समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 30 September 2026

# 'जिन्होंने मासूमों की ली जान, उन्हीं को मारा', ऑपरेशन सिंदूर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना को बताया हनुमान।

Publisher Published on 07 May 2025

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया. उन्होंने कहा कि हमने जो लक्ष्य तय किये थे, उन्हे संटीकता से ध्वस्त किया है.**

भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक किये, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं. इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है. उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है.

नागरिक ठिकाने को नहीं बनाया गया निशाना
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, "भारतीय सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कारवाई की है. हमने जो लक्ष्य तय किये थे, उन्हें ठीक तय योजना के अनुसार सटीकता से ध्वस्त किया है. किसी भी नागरिक ठिकाने निशाना नहीं बनाया गया है. यानि सेना ने एक तरीके की सटीकता, सतर्कता और मानवीयता दिखाई है."

सेना ने हनुमान की तरह हमला किया
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया. उन्होंने कहा, "हमने केवल उन्हीं को मारा, जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा. सेना ने हनुमान की तरह हमला किया. मैं भारतीय सेना के शौर्य को नमन करता हूं. हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था ''जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे'' अर्थात केवल उन्हीं को मारा जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा.

हमारी सेना ने दिया करारा जवाब- राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करके पहले की तरह ही इस बार भी आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले कैंप को तबाह करके करारा जवाब दिया है. हमारी यह कार्रवाई बेहद सोच-समझकर और सधे हुए तरीके से की गई है. आतंकवादियों का मनोबल तोड़ने के उद्देश्य से यह कार्रवाई सिर्फ उनके शिविरों और बुनियादी ढांचे तक ही सीमित थी. मैं एक बार फिर हमारे सशस्त्र बलों की वीरता के आगे नतमस्तक हूं" केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने BRO (सीमा सड़क संगठन) के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.